राष्ट्रीय वस्त्र निगम की मिलों में स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति योजना

4463. श्री कैलाश नारायण सारंग: क्या वस्त्र मंत्री 22 फरवरी, 1994 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 182 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि.

(क) राष्ट्रीय वस्त्र निगम की मिलों के कितने कर्मकार इस समय स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति योजना के अन्तर्गत लाभान्वित हुए हैं ; और

(ख) मध्य प्रदेश में कपड़ा मिलों के कमकारों को स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति योजना के अन्तर्गत अनुग्रह-राशि अदा करने के प्रावधान के संबंध में राज्य सरकार के प्रस्ताव पर सरकार ने क्या निर्णय लिया है ?

वस्त्र मंत्री (श्री जी. वेंकटस्वामी): (क) 19-4-1995 की स्थिति के अनुसार नेशनल टैक्सटाइल कारपोरेशन में 35,894 कामगारों ने स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति योजना का लाभ उठाया है ।

(ख) मध्य प्रदेश सरकार ने अनुग्रह राशि के भुगतान के इसी प्रकार के प्रावधान के लिये प्रतिवेदन प्राप्त हुये हैं । इस प्रकार के अनुरोधों पर मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय नवीकरण निधि की रूपात्मकता के ढांचे के भीतर विचार किया जाना है ।

वस्त्रों का निर्यात

4464. श्री अनन्तराय देवशंकर दवे : श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चालू वित्त वर्ष के दौरान तथा 31 जनवरी, 1995 तक की स्थिति के अनुसार क्रमश: रुपये और डालर के रूप में कितने मूल्य के विभिन्न वस्त्र उत्पादों का निर्यात किया गया ;

(ख) आठवीं पंचवर्षीय योजना के लिये वस्त्रों के निर्यात हेतु तथा लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इस संबंध में वर्ष-वार क्या उपलब्धि रही है ; और

(ग) योजना के कार्यान्वियन के बाद देश के वस्त्र उत्पादों के निर्यात की क्या संभावना होगी?

वस्त्र मंत्री (श्री जी. वेंकटस्वामी) : (क) 31 जनवरी, 1995 की स्थिति के अनुसार तथा 1994-95 (फरवरी, 1995 तक) के दौरान वस्त्रों (कयर, पटसन तथा हस्तशिल्पों सहित) का क्षेत्र वार निर्यात निम्न प्रकार रहा है :-

(करोड़ रु० में)

	मिलियन अमरीकी डालर (अनंतिम)			
	1994-95 (31 जनवरी, 95 तक)		1994-95 (फरवरी, 95 तक)	
	अमरीकी डालर	रु०	अमरीकी डालर	रु०
1. सिले सिलाये परिधान	3505.94	10999.91	3978.81	12483.67
2. सूती वस्त्र	2309.01	7244.55	2528.49	7933.24

1	2	3	4	5	6
3.	मानव निर्मित फा० वस्त्र	597.71	1875.32	681.71	2138.88
4.	रेशमी वस्त्र	242.71	761.52	270.53	848.80
5.	ऊनी वस्त्र	151.11	474.11	157.85	495 26
6.	हस्तशिल्प	1128 51	3540.70	1229.10	3856.36
7.	पटसन	95.62	300.00	105.18	330.00
8	कयर	13.24	135.66	47.56	149.23
		8073.85	25331.77	8999.23	28235.44

(ख) तथा (ग) निर्यात लक्ष्य वर्ष-दर-वर्ष आधार पर निर्धारित किये जाते हैं। 1992-93 से 1994-95 के दौरान वस्त्रों के निर्यात के लिये निर्धारित लक्ष्य तथा उपलब्धियां निम्न प्रकार हैं –

(मिलियन अमरीकी डालर में)

वर्ष	लक्ष्य	उपलब्धियां
1992-93	6349	6599.62
1993-94	7400	7973.91
1994-95 (फरवरी,95 तक)	9000	8999.23

वस्त्रों, (कयर, पटसन तथा हस्तशिल्पों सहित) के निर्यात के लिये वर्ष 1995-96 के लिये 10.5 बिलियन अमरीकी डालर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

गुजरात से वस्त्रों का निर्यात

4465. श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी: क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान गुजरात से कितनी मात्रा में वस्त्रों का निर्यात किया गया और रुपये तथा डालर के रूप में उनका मूल्य कितना था तथा इस संबंध में क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया था,

(ख) उक्त अवधि के दौरान इससे अर्जित की गई विदेशी मुद्रा का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) गुजरात के निर्यातकों को प्रोत्साहित करने के लिये वस्त्रों के निर्यात को बढ़ावा देने हेतु सरकार द्वारा किये गये प्रयासों का ब्यौरा क्या है ?